REGARDING POINT OF ORDER RAISED BY A MEMBER

श्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान): सर, दो बाते हैं। ...**(व्यवधान)**... मैं आपको नहीं कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): He is not yielding. ...*(Interruptions)*... If you have a point of order, then you have to show the rule. He is not yielding.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, if you direct, I will yield. Is there a point of order?

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, I have a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Under what rule?

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, please listen.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): You have to first tell me the rule.

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, it is a simple Parliamentary procedure that when a CAG report is there, it will be discussed by the PAC. And, nobody can discuss any audit report of any State Assembly here until it is examined by the PAC. So, all the things which have been stated by Shri Digvijaya Singh are irrelevant. यह स्टेट सब्जेक्ट है और जो दूसरा विषय है ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The Member will consider if that CAG report has been considered by the PAC, or, whether the PAC has given the report to the Parliament. ...*(Interruptions)*... If it has given the report to the Parliament, it is the property of the House. ...*(Interruptions)*...

श्री भूपेन्द्र यादव: सर, दूसरा यह है कि जब कोई वक्ता यहां पर बोलता है ...**(व्यवधान)**...

श्री दिग्विजय सिंह: सर, ये भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ...**(व्यवधान)**... कोई भी प्वाइंट ऑफ ऑर्डर ले आए ...**(व्यवधान)**... इससे यह बात साफ होती है कि इनकी नीयत साफ नहीं है। अगर इनकी नीयत साफ है, तो प्वाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं आना चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री भूपेन्द्र यादव: सर, ये जो गुजरात के संबंध में लोकायुक्त की बात कह रहे हैं, इसमें ज्यूडिशियल आसपेक्ट है कि इनके ही नेताओं ने यानी जो विपक्ष के नेता था, उन्होंने समर्थन नहीं किया था। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): जब आपका समय आएगा, तब आप बोलिएगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री भूपेन्द्र यादव: सर, ये इस तरह असत्य आरोप नहीं लगा सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): यह आपका कोई प्वाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

श्री दिग्विजय सिंह: उपसभापति महोदय, मेरी बात प्रमाणित हो जाती है कि इस सरकार की साफ नीयत नहीं है, जिसकी वजह से बेबुनियाद point of order उठाए गए। मैं अनुरोध कर रहा हूं। मैं अनुरोध कर रहा हूं कि आपकी राफेल डील के अंदर agreement sign होने के पहले तक न फाइनेंस मिनिस्ट्री का approval था, न Defence Ministry को मालूम था। प्रथम सेवक जी ने पेरिस में जाकर उसका agreement कर दिया। अब इस Act के अंतर्गत यह बात कहां आएगी? क्या हमारी सरकार में जो लोग बैठे हैं, उनको established Government procedures का पालन नहीं करना चाहिए? माननीय रक्षा मंत्री जी price difference बताने के लिए तैयार नहीं हैं। किस कीमत पर आपने Rafale के हवाई जहाज़ खरीदे, आप बताने के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन जो उनकी रिपोर्ट आई, Rafale की जो Annual Report आई, उससे हमें मालूम पड़ा कि जिस हवाई जहाज़ को 650 करोड़ रुपए में दूसरे देश को बेचा गया, हमसे 1300 करोड़ रुपए लिए जा रहे हैं। कहा गया था कि हमको जल्द खरीदता था, इसलिए हमने एग्रीमेंट कर लिया। आज तक तो उसकी खरीद हुई नहीं है। एक हवाई जहाज़ आया नहीं है। इसी प्रकार मैं दूसरा उदाहरण देना चाहता हूं Zojila Pass tunnel का single टेंडर हुआ, crony capitalism की बात श्री मनोज झा जी कर रहे थे, उसका उदाहरण है कि 10,500 करोड़ रुपए में single tender पर tender मंजूर किया गया। शिकायत हुई। सीवीसी को शिकायत हुई, tender cancel हुआ और वही 10,500 करोड़ रुपए का टेंडर 4,880 करोड़ रुपए में मंजूर हुआ। 6000 करोड़ रुपए का घोटाला जब हो रहा था, क्या भ्रष्टाचार मिटाने में Prevention of Corruption Act में यह मसला आएगा? माननीय महोदय, मुझे नहीं मालूम। "मैं नोट कराना चाहता हूं मध्य प्रदेश का व्यापम का सबसे बड़ा घोटाला, जिसके अंदर 2100 लोग जेल गए थे, जिन्होंने bribe दिया। bribe क्यों दिया? बच्चों को medical seat दिलवाना था, बिना पैसे दिए हो नहीं रहा था। सब को मालूम था प्रशासन के अंतर्गत ये लोग बैठ कर भ्रष्टाचार कर रहे थे। 2100 बच्चे, उनके माता-पिता उन पर मुकदमे दायर किए। जेल भुगतना पड़ा उन लोगों को और जिन्होंने लिया वे 69 लोग थे। अब केस CBI के पास गया। अब बात तो यह है कि इसको जिन्होंने पैसा दिया है अगर श्री ओम प्रकाश चौटाला जी के प्रकरण में जिस प्रकार से approver बनाया जाता तो conviction हो जाता। Approver नहीं बनाया गया, अब वो 2100 लोग जिन्होंने पैसे देकर medical seats में भर्ती की वो अब परेशान हैं। दूसरी बात case चला गया CBI के पास। अब सीबीआई के तो आप भी मंत्री हैं। वहां क्या महाभारत चली हुई है देख लीजिए। Director, CBI कहते हैं कि Special Director जो है खुद उसके ऊपर जांच चल रही है और उसमें जो Special Director ने Sterling Biotech Ltd. के अंदर घूस ली है, उनके ऊपर जांच चल रही है। अब आप मुझे फिर प्वाइंट आउट करेंगे क्योंकि आप सहन नहीं कर सकते। भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित हैं, उनको आपने जो डायरेक्टर बना रखा है ...**(व्यवधान)**...

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*... This is unparliamentary. ...*(Interruptions)*....

SHRI B.K. HARIPRASAD (Karnataka): Sir, he is not yielding. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Do you wish to raise a point of order? ...*(Interruptions)*...

SHRI BHUPENDER YADAV: Yes, Sir. It is a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Under which rule? ...*(Interruptions)*...

SHRI B.K. HARIPRASAD: Sir, he is not yielding. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I will look into the record and if there is anything unparliamentary, I will expunge it. ...*(Interruptions)*...

श्री दिग्विजय सिंहः जब भी मैं प्रमाण के साथ **...(व्यवधान)...**

श्री भूपेन्द्र यादवः दिग्विजय सिंह जी ने जो बात कही है, my point of order is, under Rule 238. Rule 238 (i) states that "a member shall not refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending" ...*(Interruptions)*... ये लगातार गलत बोल रहे हैं **...(व्यवधान)...** अभी ज्यूडीशियल डिसीज़न पेंडिंग है। **...(व्यवधान)...**

SHRI DIGVIJAYA SINGH: This case is not under judicial examination. ...*(Interruptions)*... It is not pending. ...*(Interruptions)*... It is not under judicial domain. ...*(Interruptions)*...

श्री भूपेन्द्र यादवः तो जिस विषय में ज्यूडीशियल डिसीज़न पेंडिंग हो, उसको भ्रष्टाचार का विषय कहना मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

SHRI DIGVIJAYA SINGH: This case is not under judicial domain. ...*(Interruptions)*...

श्री भूपेन्द्र यादवः आप इनकी बातों को एक्सपंज कीजिए।

श्री दिग्विजय सिंहः उपसभापति महोदय, पहली बात तो मैंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया है। यह पब्लिक डोमेन में है।

श्री भूपेन्द्र यादवः यहां ज्यूडीशियल डिसीज़न पेंडिंग है। उसको अगर सदन का कोई भी सदस्य इस प्रकार से प्रस्तुत करता है कि उसमें भ्रष्टाचार हो गया है तो Rule 238 (i) में इस बातों को एक्सपंज किया जाना चाहिए और मुझे protection दिया जाना चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I will look into the records.

श्री दिग्विजय सिंहः भ्रष्टाचार के प्रकरणों में नीयत साफ होनी चाहिए। वहां नीयत साफ नहीं है, तो बार-बार मुझे टोका जा रहा है। माननीय, मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं कि डायरेक्टर, सीबीआई चिट्ठी लिख रहे हैं। माननीय डॉक्टर साहब, माननीय मंत्री महोदय, आपके अंतर्गत ये सब बातें आती हैं, इस महाभारत को रोकिए। सीबीआई भ्रष्टाचार रोकने की हम लोगों की एक प्राइम एजेंसी है और जिस प्रकार से महाभारत चली हुई है, उस पर आप कुछ रोक लगाइए। या तो एक को हटाइए या दूसरे को हटाइए। यह क्या हो रहा है? आपकी तरफ से क्लैरिफिकेशन नहीं आता है। सीबीआई की पूरी इंस्टिट्यूशन आज खतरे में है। लोग-बाग चिन्ता करते हैं कि जो भ्रष्टाचार की जांच कर रहे हैं, वे अधिकारी जब खुद भ्रष्टाचार के दायरे में हैं, उनसे क्या उम्मीद की जाए? मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि मैं दो-तीन बातें और कहूंगा। ...**(समय की घंटी)**... महोदय, इस एक्ट में Under Section 13(i)(d) ...**(व्यवधान)**...

श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव (उत्तर प्रदेश): सर, दिग्विजय सिंह जी ने जो कहा ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please sit down. I am not allowing you. ...*(Interruptions)*...देखिए, आपको मौका दिया जाएगा, आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**... आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI B.K. HARIPRASAD: Sir, it is not a TV channel debate. ...*(Interruptions)*... It should not be allowed. ...*(Interruptions)*... The Member has not yielded. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): He has to conclude. ...*(Interruptions)*... आप अगर इसको और बढ़ाएंगे, ...**(व्यवधान)**... We do not have much time to have argument here. ...*(Interruptions)*... Please be seated. You will have time to speak if your Party gives your name; I will call you. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V. L. NARASIMHA RAO: He is misleading the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI B.K. HARIPRASAD: Every time, you are misleading the nation. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V. L. NARASIMHA RAO: We have no business to mislead. ...*(Interruptions)*...

श्री दिग्विजय सिंहः सर, मैं आपसे कह रहा हूं कि इनकी सरकार की नीयत इस बात से साफ

होती है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बचाने के लिए सीबीआई के अधिकारी मनमाफिक appoint किए जा रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि सेक्शन 13 (i) (d), जिसको यहां लुप्त किया गया है, उसके अंदर पुराने प्रकरण, जिनके अंदर एफआईआर दर्ज हैं, लेकिन चार्जशीट नहीं की गई हैं, उसके बारे में माननीय मंत्री जी को पुनर्विचार करना चाहिए। ऐसे अधिकारी, जिन पर एफआईआर दर्ज होने की वजह से आज उनके ऊपर यह केस चल रहा है, क्योंकि कोई भी केस जब तक चार्जशीट नहीं होता है, वह judicial domain में नहीं आता है, इसलिए वे इस पर पुनर्विचार करें। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने आपसे कहा था, भ्रष्टाचार खत्म तब होगा, जब सरकार की नीयत साफ होगी, धन्यवाद।

श्री राम विचार नेताम (छत्तीसगढ़): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, 2013 में आधिकारिक संशोधनों को शामिल करने के लिए आज इस विधेयक पर बहुत ही गहन चर्चा हो रही है। मैं काफी वक्ताओं का भाषण सुन रहा था और मेरे से पूर्व वक्ता, आदरणीय दिग्विजय सिंह साहब थे, जिन्होंने यह संकेत किया कि इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है, नीति ठीक नहीं है। पूरे देश की जनता ने इस सरकार को मुहर लगाकर लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में बिठाया है, इसलिए हम कह सकते हैं कि हमारी सरकार की नीति भी ठीक है, नीयत भी ठीक है और नेतृत्व भी ठीक है और इस पर मुहर लग चुकी है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, एक समय था जब देश की राजनीति भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बदलाव लाती थी। ऐसे कितने ही उदाहरण हैं। अगर हम पूर्व में देखें, तो बोफोर्स तोप खरीदी में जो भ्रष्टाचार हुआ, उसको लेकर पूरे देश में उबाल मचा, राजनीतिक दिशा बदल गई और राजनीतिक निर्णय बदले। इसके बाद पिछली बार सरकार की सरकार, यूपीए की सरकार सारी सीमाएं लांघ गई। उसने हमारे देश के सम्मान और मर्यादा को एक तरह से गिरवी रखा, विदेशों में हमारी थू-थू हुई, पूरे देश की जनता छटपटा रही थी कि इस सरकार से कब मुक्ति मिले। इन सभी बातों को देखते हुए हमारी सरकार ने महसूस किया, हमारी सरकार ने माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में निर्णय लिया और भ्रष्टाचार अधिनियम, 1988 में संशोधन करने को मंज़ूरी दी। उसमें आवश्यक संशोधन करके भ्रष्टाचार को रोकने में और क्या बेहतर व्यवस्था की जा सकती है, जिससे कि भ्रष्टाचार को रोकने में कारगर उपाय साबित हो सके और भ्रष्टाचारियों को सज़ा मिल सके। ऐसा सोचकर हमारी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। माननीय उपसभापति महोदय, आज पूरे देश के जो हालात हैं। आज देश में हमारी सरकार जिस प्रकार से गांव, गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, बच्चे और बुजुर्ग, सभी के लिए पारदर्शिता के साथ व पूरी निष्ठा के साथ हमारी सरकार व हमारा नेतृत्व जो काम कर रहा है, उससे पूरे देश में एक अच्छे वातावरण का निर्माण हुआ है। इसीलिए आज इस अधिनियम के माध्यम से हम एक स्वच्छता की राजनीति करना चाहते हैं, इस देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देना चाहते हैं। भ्रष्टाचारियों का स्थान बाहर न होकर जेल में होना चाहिए, ऐसा सोचकर हमारी सरकार ने यह विधेयक लाने का व इसमें आवश्यक संशोधन करने का निर्णय लिया है।

माननीय महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि आज पूरी दुनिया में जिस प्रकार से हमारी वाहवाही हो रही है, देश का मान-सम्मान बढ़ा है, देशवासियों का सम्मान बढ़ा है, हम फख्र के साथ

[श्री राम विचार नेताम]

कह सकते हैं कि हमारे चाल साल के कार्यकाल में किसी एक मंत्री के ऊपर एक ही आरोप नहीं लगा। आप यह क्यों नहीं कहते? आपके अभी तक के किसी भी कार्यकाल में, चाहे वह हमारे तमाम पूर्व प्रधान मंत्रियों का कार्यकाल रहा हो, यूपीए की सरकार का कार्यकाल रहा हो, उस समय के किसी भी विभाग को उठाकर देखिए, किसी भी मंत्रालय को उठाकर देखिए, भ्रष्टाचार के बिना कुछ नहीं होता था। उस समय का नारा होता था कि जियो और जीने दो, खाओ और खाने दो। इस नीति पर सरकार चल रही थी, जिसके कारण पूरे देश का ताना-बाना बिगड़ गया। पूरे देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। उस पक्ष में भी बहुत सारे ऐसे आदरणीय नेतृत्वकर्त्ता लोग हैं, जिनका हम सम्मान के साथ नाम लेते हैं। इस देश में उनकी एक अलग छवि है। आदरणीय ए.के. अन्तोनी साहब को हम नहीं भुला सकते, आदरणीय जयराम रमेश जी को हम नहीं भुला सकते, जिनका नेतृत्व है, लेकिन कुछ ऐसे तत्व रहे, जिनके कार्यकाल में खनिजों का आबंटन करने के लिए, कोयले की लीज़ लेने के लिए टोकन मिलता था। टोकन लेने के बाद ही कोयले का आबंटन होता था। किसे पर्यावरण की क्लियरेंस मिलेगा, यह भी तय होता था। आदरणीय महोदय तो बता रहे थे कि किस तरह से कार्यभार चलता था। वहां किस प्रकार स्थिति बनी हुई थी। इस प्रकार का जो चक्रव्यूह बना हुआ था, भ्रष्टाचार का बोलबाला था, भ्रष्टाचार की वजह से पूरे देश का सम्मान दूषित हो रहा था, पूरे सम्मान पर बट्टा लगा हुआ था। उसे सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए माननीय नरेंद्र मोदी जी ने यह घोषणा की कि हम न खाएंगे, न हम खाने देंगे। इस देश को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने के लिए जब तक हमारा नेतृत्व, नीयत व नेताओं का चरित्र ठीक नहीं होगा, वे भ्रष्टाचार मुक्त होकर काम करना नहीं चाहेंगे, तब तक मैं समझता हूं कि देश के हालात नहीं बदलेंगे। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम फख्र के साथ कह सकते हैं कि हमारी सरकार ने 32 करोड़ खाते खोलकर ऑनलाइन के माध्यम से तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके खाते में समाहित करने का निर्णय लिया और वह निर्णय इसीलिए लिया क्योंकि एक ज़माना था - इस बात को हर कोई quote करता है - जब आपके नेता ही कहा करते थे कि जब हम एक रुपया भेजते हैं तो लोगों की पॉकेट तक केवल 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। महोदय, ये हालात क्यों पैदा हुए? ये हालात इसीलिए पैदा हुए क्योंकि आप लोगों ने पारदर्शिता के साथ शासन नहीं किया, लेकिन हम लोगों ने पारदर्शिता को अपनाया है। जो जरूरतमंद लोग हैं, जो उनकी जरूरत की चीज़ें हैं, उन तक उन सारी सुविधाओं को पहुंचाने का काम हम कर रहे हैं। ऐसी बहुत सारी बातें हैं, मैं उन बातों का एक के बाद एक उल्लेख करना चाहता हूं। यह जो बिल है, इसमें बहुत सारे प्रावधान किए गए हैं और अगर इसमें किसी प्रकार की कमी होगी तो आगे चलकर फिर से हम उसे समाहित कर सकते हैं, उसकी व्यवस्था कर सकते हैं। महोदय, इतने सालों से यह बिल पेंडिंग था, इसमें हम सबका क्या उत्तरदायित्व है, हम किस उत्तरदायित्व को लेकर यहां आए हैं? हम सबको जनता ने एक जिम्मेदारी देकर यहां पर भेजा है, इसलिए हम कम से कम इस देश की जनता के सामने एक चित्र तो दिखाएं। हमारी सरकार एक परिवर्तन कर रही है, जो निर्णय ले रही है, वह निर्णय आने वाले दो-चार साल नहीं, बल्कि सैंकड़ों सालों तक याद रखने वाला होगा। इसीलिए इन सभी बातों से प्रेरित होकर, ईमानदारी के रास्ते पर चलते हुए हम इस बिल के माध्यम से ऐसे भ्रष्टाचारियों के ऊपर नकेल कसेंगे। उन्हें सज़ा दिलाने के

लिए जो पांच एजेंसियां हैं, उन्हें हम कैसे और मज़बूत कर सकें, उन्हें कैसे और सशक्त बना सकें, यह सब विचार करके इस बिल को लाया गया है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जितने भी प्रावधान हैं ...**(समय की घंटी)**... आदरणीय प्रसन्न आचार्य जी ने बहुत सारे बिलों का समर्थन किया है, श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह जी ने भी इस बारे में उदाहरण दिया और कहा कि इस प्रकार के प्रावधान में हमें समर्थन देना चाहिए, जो अच्छे प्रावधान हैं, उनका समर्थन करके हमें इसे और सशक्त बनाना चाहिए। इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

महोदय, मैं यही कहना चाहता हूं कि आज हमारी सरकार की नीयत ठीक है, नीति ठीक है और नेतृत्व ठीक है, इसलिए यह सरकार इतना अच्छा काम कर पा रही है। हम किसी भी क्षेत्र में देख सकते हैं कि आज देश के कल्याण के लिए किस प्रकार से पारदर्शिता के साथ काम हो रहा है। आप अलग-अलग बातें कहकर आरोप लगाते हैं, लेकिन आपके पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए आप ऐसी-ऐसी बातों को उठाते हैं। आप कहते हैं कि राफेल खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ है। आप यह बताइए कि एम्बेसेडर कार में बहुत सारी सीरीज़ आती हैं, इसी प्रकार अन्य तमाम गाड़ियों में भी बहुत सारे मॉडल्स आते हैं, उनमें कुछ technicalities जोड़ी जाती हैं, बहुत सारे प्रावधान होते हैं तो उनकी कीमत एक जैसी थोड़ी ही रहती है। किसी गाड़ी की कीमत एक करोड़ होती है तो किसी की कीमत दो करोड़ भी है। इस प्रकार उसमें कुछ न कुछ विशेषता तो होगी, जिसकी वजह से ऐसा होता है। यह सुरक्षा से संबंधित मामले हैं, आप सब बहुत सम्मानित जन हैं, आपके सामने हम लोग कुछ नहीं हैं, लेकिन इतना सब होने के बावजूद आप इस तरह के आरोप लगाते हैं। देश की जनता को गुमराह करने की आपकी जो आदत है, उसे आप छोड़िए और सही रास्ते पर जो देश चल रहा है - जो चल पड़ा है, दौड़ रहा है, उस ट्रैक में आप भी शामिल होइए, वरना आपकी जो स्थिति है, पिछले चुनाव में, 2014 में देश की जनता ने जनादेश देकर हमें यहां पर बिठाया है और आपको इस लायक बना दिया कि आप विरोधी दल का नेता भी बनाने लायक नहीं रहे - यह स्थिति है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): अब समाप्त करिए।

श्री राम विचार नेताम: आप इससे सबक लीजिए और अनावश्यक मुद्दे पर मत जाइए। देश के हित में निर्णय लेने के लिए जो जनता का समर्थन मिल रहा है, उस समर्थन में आप भी समाहित होइए और हमारा साथ दीजिए, वरना आज जो स्थिति है, उससे भी बुरा हाल होने वाला है। इन्हीं भावनाओं के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

SHRI MAJEED MEMON (Maharashtra): Thank you, hon. Vice-Chairman, Sir. The Prevention of Corruption Act is among thousands of laws that we have in our country. But it has its peculiarities. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, the Minister concerned is not here at all. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Other Ministers are here.

SHRI JAIRAM RAMESH: For ten minutes, he has been absent. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Other Ministers are here. They are taking notes.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, the Minister concerned should be here. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): He should be here, but other Ministers are here. They are taking notes.

SHRI MAJEED MEMON: The peculiarity of this important piece of legislation, namely, Prevention of Corruption Act, is absolutely important for any society to be crime-free. As a matter of fact, this is a law which is different from other laws because it is a test for them as well who are enacting or enforcing laws or punishing the guilty. I must make myself clear that as far as the Prevention of Corruption Act is concerned, it is an endeavour of elimination of corruption from the society. In our country, we see that there are many areas where Anti-Corruption Bureau functions and Anti-Corruption Bureau must consist of officials whose honesty is beyond question, whose impeccability of character and professionalism must be above average because there is a vulnerable temptation in the matters of corruption and, therefore, only the honest officers can deliver. Laws may be too many. Unfortunately, as it is rightly stated, in any civil society, we may have too many laws and we do have. We have too many laws and too little justice. I think this Prevention of Corruption Act is an extremely important enactment and now that we are seeking amendment to certain provisions, we should make some improvements so that we get results on the ground. Unfortunately, I must say that some friends from BJP have been talking about slogans that have been given since 2014 – न खाऊंगा, न खाने दूंगा and भ्रष्टाचार मुक्त समाज. Let us look into our hearts. I am asking my friends there. Please tell me whether there is no corruption in small areas within our country. Go to local places; go to a police station; go to a corporation office; go to any Government official. Don't you feel that there is corruption still there? So, let us not politically struggle this issue as to steal credit or make blames. I am concerned for the common man. A common man still believes today in 2018, when the whole term is about to end after the assurances were given in 2014, that unless he puts his hands into his pocket, no work is being done. Why is it so? We will have to tighten

the grip of law. This Prevention of Corruption Act needs improvement apart from the amendments that are suggested. Let the people note this. We must have, as I said, Anti-Corruption Bureau with strong officers who enjoy confidence of honest people, who enjoy confidence of common people and who can be trusted upon for purposes of prosecuting people who are dishonest, prosecuting and punishing the people who have committed crimes under the Corruption of Prevention Act.

Now, there is a reference to Lokpal and Lok Ayuktas. I am sorry to say that these Lok Ayuktas or Lokpal are not in their places till today. We have no Lok Ayuktas in very many States. Lokpal is still not seen around. Therefore, we will have to look to somebody else. There is already a CVC. Why should not CVC be a supervisory investigating agency on the Anti-Corruption Bureau? If there are certain people inside the Anti-Corruption Bureau who resort to corruption, where are you going to get justice? As I said, therefore, we need to have such a system which should inspire confidence among the common people. Secondly, it should deliver results on the grounds. Unless a small Indian citizen or a poor man, who goes with a hope that his right would not be violated, that he would get his dues and that he is entitled to his legitimate claims, gets it without spending anything from his pocket or without out-of-pocket expenses, which is happening even today, it is not good. Where are our tall claims that we are living in a society which is corruption-free? I would not be wrong if I quote somebody who said that we are living in a society where if we are caught accepting the bribe, you can get out of it by offering one. If that is the situation then we can't boast of a society which is corruption free. This is an area where a lot of work is required to be done in co-ordination with both the Ruling Party as well as the Opposition. ...*(Time-bell rings)*... We are prepared to extend our assistance to the Government for the purposes of strengthening this law; for the purposes of seeing to it that we see the results on the ground. So long as a poor man, it may be a farmer or a labourer or a student or a woman, is not happy or satisfied that without spending money he can get his legitimate due, we cannot boast that we have good laws in place. Thank you very much.

SHRI VIVEK K. TANKHA (Madhya Pradesh): Sir, I will make it short because my party doesn't have too much time left. First of all, I would like to bring to the attention of the hon. Minister that there was a Supreme Court Judgement recently which said that all cases of politicians, that is, MPs and MLAs, would go to a Special Court. Now, what they have done is, in States if there are hundred cases before a Court of

[Shri Vivek K. Tankha]

Magistrate and say, fifty cases before the Court of Additional Sessions Judge or Sessions Judge, so, मजिस्ट्रेट के यहां जो केसेज़ थे, उन्होंने वे भी सेशन जज को भेज दिए हैं। That means cases of MPs and MLAs के केसेज़ जो suppose three-tier में होते, पहले मजिस्ट्रेट उस पर ट्रायल करता, फिर अपीलेट कोर्ट उस पर डिसाइट करता, then, they would have gone to High Court. सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट में ambiguity होने से कई स्टेट्स ने एक अपील की स्टेज़ खत्म कर दी। And, all Magisterial cases have been sent to the Sessions Court also. इस पर आपको ध्यान देना पड़ेगा और आपको सुप्रीम कोर्ट से क्लेरिफिकेशन भी लेना चाहिए कि जो एमपीज़ एंड एमएलएज़ के केसेज़ हैं, क्या वे CPC के प्रोसिज़र से हटकर उनका ट्रायल होगा कि in terms of CPC प्रोसिज़र होगा और उनका जो अपील का अधिकार है, वह खत्म कर दिया जाएगा।

नम्बर दो, जो कि एक बहुत important point है, मैं थोड़ी सी statistics देता हूं, जो पेंडिंग केसेज़ ट्रायल में हैं The Prevention of Corruption Act पूरे देश में are approximately 6,400. The average time for an investigation is three to five years in the Prevention of Corruption Act. 6,400 केसेज़ में 16,875 पब्लिक सर्वेंट्स हैं, 18,780 प्राइवेट पर्सन्स हैं और 115 एमपीज़ और एमएलएज़ हैं। The problem that I see is कि जो इन्वेस्टिगेशन के केसेज़ हैं, how they will be dealt with. अगर आप सैक्शन (1) देंखेंगे, it says that this Act shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint. अब suppose Act बन जाता है, नोटिफाई हो जाता है, तो एक डेट आ जाएगी। जो एफआईआर के स्टेज पर केसेज़ हैं, जिनमें इन्वेस्टिगेशन हो रहा है, उनको आप कैसे डील करेंगे, इसमें Savings and Repeal Clause का कोई प्रोविज़न इस बिल में नहीं है। You will go to the General Clauses Act. वहां पर all pending cases have to be dealt by the old law. तो सैक्शन 13, suppose, जो आपका यहां पर सबसे बड़ा चेंज है, present Section 13 will be applied to those cases जहां इन्वेस्टिगेशन हो रहा है और चार्जशीट नहीं हुई है, cognizance नहीं हुआ है, जिसमें sanction नहीं हुआ है or सैक्शन 13, उनका ओल्ड सैक्शन 13 से इन्वेस्टिगेशन होगा एंड प्रजेंट सैक्शन 13 से उनको नहीं डील किया जाएगा। It is an important point which will affect a lot of investigation. अब इसमें लिटीगेशन भी होगा। आपने प्रिवेंशन एंड करप्शन एक्ट को तीन भागों में बांट दिया है। आपने पुराने प्रोविजन्स को डिलीट किया है, substitute किया है। पहला है, जो illegal gratification है, जैसा पहले सेक्शन 7 और 8 में होता था, आपने सैक्शन 7 और 8 को in different words reproduce किया है। इसी तरह आपने कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन्स को अपने ambit में लिया है in another category और third आपने सैक्शन 13 को vastly अमेंड किया है। जो problem इसमें मुझे दिख रही है वह यह है। For the purpses of this Act, a function or an activity is a public function or activity, if the function or activity is of public nature. जो प्रॉब्लम 13 (1)(डी) में थी, वह आपने reintroduce कर दी है in Section 8. Public nature क्या है? Any activity can be of public nature. उसे define कैसे करेंगे। Again, you are leaving it to be a police officer कि किसी व्यक्ति के अगेंस्ट public

acvitivy में वह investigation start करे या न करे, FIR register करे या न करे। आपने जो 13 (डी) को bridge करने की कोशिश की कि 13 (डी) का जो मिसयूज़ होता था, उसमें जो problems थीं, जिन्हें आप बन्द करने की कोशिश कर रहे थे, वह आपने reintroduce कर दिया है by this Section. इसी तरह अन्य छोटी-छोटी कई चीज़ें इसमें हैं। जैसे सेक्शन 13 का explanation है, उसमें known source of income क्या होगी? नोन सोर्स ऑफ इन्कम क्या होती थी? आप उसे पहले से declare करते थे। You cannot improve upon a declaration. मतलब आपने पहले एक affidavit दिया, जैसे पार्लियामेंट में हमने affidavit दिया कि हमारे ये सब known sources of income हैं। इसके बाद, यदि हमारे दूसरे इन्वेस्टमेंट पाए जाते हैं, तो I cannot improve upon it. अब आपने उस improvement का scope reintroduce कर दिया by saying कि वह पुराना explanation हटा कर, एक नया एक्सप्लेनेशन डाल दिया है। Frankly speaking, जो public servants होंगे, अब वे known sources of income describe कर सकते हैं by just saying that मुझे कल किसी ने यह पैसा दिया था। They need not have declared it earlier. वे अब कर सकते हैं, even after that incident has taken place. इसलिए इसमें बहुत सारी ambiguities हैं, which have to be dealt with. सैक्शन 13 में बहुत सी ambiguities हैं, substituted Section 7 में हैं, substituted Section 18 में हैं। अब Section 9 is a very dangerous provision. आपने for the first time, एक private person को introduce कर दिया है in this Act directly. एक private person, दूसरे private person के माध्यम से Government को influence करता है। उन सबके अगेंस्ट भी आप PC Act ले आए हैं। अब इसमें problem यह है कि third-party जो prosecution आप लाए हैं, वह भी to induce a public servant to perform improperly a public function or activity. What is improperly? इस चीज़ को आपने नहीं देखा। Suppose आप U.S. में जाइए, तो U.S. में advocacy amongst Senators or House of Representatives के MPs के साथ, is a normal thing. Would that be inducement? Suppose वे लोग अपनी बात advocate करते हैं या अपनी बात Secretary को, एक कमिशन को, एक कलैक्टर या चीफ सेक्रेटरी को बताते हैं। Will all that be inducement? What is that inducement you are talking about? जब बहुत सारी ambiguities हैं। कई चीज़ों में Law Commission has also opposed. लॉ कमीशन ने आपके सेक्शन 13 (डी) की परिभाषा को oppose किया है और कहा है कि यह परिभाषा ठीक नहीं है। इसलिए मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि – of course, we are supporting the Bill – इसमें जो बहुत सारी ऐसी विसंगतियां हैं, जिनमें vagueness है, जिनमें लोगों के परेशान होने के चांस ज्यादा हैं, उन्हें मिनिस्टर साहब जरूर address करें, otherwise, it will lead to more litigation. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The next speaker is Shri Bhupender Yadav.

श्री भूपेन्द्र यादवः सम्माननीय उपसभापति महोदय, किसी एक कानून पर पिछले तीन साल में स्टेंडिंग कमेटी, सेलेक्ट कमेटी और लॉ कमीशन, तीनों ने ही एक साथ विचार किया है, तो प्रिवेंशन ऑफ करप्शन का जो वर्तमान एक्ट है, इसके बारे में विचार किया है। जब राज्य सभा में सेलेक्ट कमेटी

[श्री भूपेन्द्र यादव]

बनी थी, तो हमारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य, श्री अनिल माधव दवे उसके चेयरमैन बने थे और अनिल जी ने इस एक्ट को लेकर काफी सारे स्टेकहोल्डर्स से, सभी वर्गों और राज्य सरकारों के साथ कंसल्टेशन किया था। उनके मंत्री बनने के बाद, मुझे इसका चेयरमैन बनने का अवसर मिला। जो वर्ष 2013 में एक्ट आया और उसके आने के बाद स्टेंडिंग कमेटी ने उस पर विचार किया था। तब सबसे पहली आशंका यह थी कि इस एक्ट की applicability किसके ऊपर होगी? यह केवल लोक सेवक पर होगी या भविष्य में लोक सेवक के दायरे में आने वाले लोगों पर भी होगी? सेलेक्ट कमेटी ने विचार करके यह कहा कि जो लोक सेवक हैं, यह बिल उन्हीं के ऊपर applicable होना चाहिए और उसी के अनुकूल सेलेक्ट कमेटी ने इसमें परिवतन किया है।

सर, जो दूसरा विषय है, जो सेक्शन 8 का है, जिसके बारे में श्री विवेक के. तन्खा जी कह रहे थे, वह यह है कि हमने रिश्वत देने वाले प्राइवेट एंटिटी को भी इस बिल के अंदर शामिल किया है। जब हम 1988 में, प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, जो 1947 का, प्री इंडिपेंडेंस एक्ट था, उसको अमेंड करके लाए थे, तब उस समय के समाज की परिस्थितियां अलग थीं। 1988 के बाद, पूरे देश में जिस प्रकार की ओपन मार्किट का माहौल हुआ है और अगर हमें इस देश में एक फेयर मार्किट और फेयर competition खड़ा करना है, तो उसके लिए आवश्यक यह है कि शासन की नीतियां, शासन में वितरण, वितरित होने वाले सामान, उससे लाभ उठाने वाले विषयों में किसी भी प्रकार का undue advantage नहीं दिया जाए, विशेष रूप से लोक सेवकों को। यह जो undue advantage है, यह undue advantage केवल पैसे के मामले में न हो, बल्कि किसी भी प्रकार की ऐसी सुविधा, किसी भी प्रकार की ऐसी संपत्ति, चाहे सोना हो, वह कैश में न होकर चाहे किसी भी रूप में हो, undue advantage के माध्यम से लोक सेवक प्रभावित नहीं होने चाहिए।

सर, हम अपने देश की यू.एस. के कानूनों से इसलिए तुलना नहीं कर सकते, क्योंकि वहां एडवोकेसी कानून चल सकता है। वहां सामान्य व्यक्ति को अपना जीवन सम्मानपूर्वक जीने के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। 125 करोड़ की आबादी में जिस प्रकार की असमानताएं हैं, इन असमानताओं में अगर कोई पहले सुविधा लेने के चक्कर में, किसी भी प्रकार का प्रलोभन लोक सेवक को देगा, तो वह निश्चित रूप से रिश्वत के दायरे में आता है। सेक्शन 8 को बनाते समय इस बात का प्रावधान भी किया गया है अगर किसी लोक सेवक के द्वारा किसी व्यक्ति को जबर्दस्ती इस बात के लिए मजबूर किया गया है कि वह रिश्वत दे, तो फिर वह प्राइवेट व्यक्ति सात दिनों के अंदर-अंदर अपना डिस्क्लोज़र दे दे, तब उसको उस विषय से या रिश्वत देने के मामले से बचाया जा सकता है । मुख्य रूप से यह जो विषय है, यह एक तरीके से शासन में पारदर्शिता लाने के लिए दिया गया है।

सर, जो दूसरा विषय है, वह व्यावसायिक संगठन का विषय है, कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन का विषय है। एक विषय कमेटी के बारे में भी आया था। पहले, जब स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट आई थी, तब यह कहा गया था कि अगर कोई कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन इसमें पकड़ी जाएगी या कोई प्राइवेट व्यक्ति पकड़ा जायेगा, तो सीधे सात वर्ष की सजा देने का प्रावधान है, लेकिन सेलेक्ट कमेटी के सभी

सदस्यों ने इस पर विचार किया कि कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन में, उसको bonafide ही, प्रूव करने के लिए मौका मिलना चाहिए, इसलिए इसमें फाइन भी है, सजा भी है और दोनों बातें इकट्ठी भी हैं। आप ऐसा नहीं कर सकते हैं कि समाज में इस प्रकार के भय का वातावरण खड़ा करें कि अगर मैंने रिश्वत लेने में नाम भी दिया है, तो आप एकदम सजा मिलने से अंदर चले जाएं, इसलिए सेलेक्ट कमेटी की सिफारिश ने इसको बड़ा लिबरल करके फाइन, सजा और दोनों, इन तीनों प्रावधानों को सजा के अंतर्गत शामिल किया है, और यह उसी रूप में इस बिल के अंतर्गत आया है।

सर, इसके साथ ही साथ जुर्माने की राशि और अनुचित लाभ की जो परिभाषा है, उसको भी इसमें शामिल किया गया है। सरकार के समय में, सरकार के कार्य करते समय, उसके निर्णय लेने के लिए, जितने सीनियर स्तर पर कोई लोक सेवक अर्थात् पब्लिक सर्वेंट पहुंचता है, उसको उतना ही बड़ा निर्णय लेने का अधिकार होता है, लेकिन अगर उसके निर्णयों को bonafide ही प्रोटेक्शन नहीं दी जाएगी, तो भविष्य में, जो उच्च स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया है, वह शिथिल हो जाएगी। हर आदमी को लगेगा कि अब मैं सबसे उच्च स्तर पर आ गया हूं, अगर आज मैंने यह निर्णय ले लिया, लेकिन दो साल बाद मेरी रिटायरमेंट भी है। एच ए पब्लिक सर्वेंट, आज के समय में उसको जो bonafide ही decision लेने की प्रोटेक्शन है, उसके खिलाफ जब जांच शुरू हो, तो कम से कम उसे उस प्रकार की, उसके खिलाफ एक तरह की सैंक्शन के जो आरोप लगे हैं, उसकी परमिशन मिलनी चाहिए और इस बिल में उसका प्रावधान भी किया गया है।

